Circular

नेपा लिमिटेड : नेपानगर (म.प्र.)

(भारत सरकार का उपक्रम)

क्र. पी.एन.आई / 29

दिनांक 11.12.2015

परिपत्र

हम सबको विदित है कि भारत सरकार के द्वारा **"स्वच्छ भारत अभियान"** के तहत् भारतवर्ष के पर्यावरण को साफ, स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का संकल्प लिया गया है। इसी कड़ी में हमारा भी दायित्व है कि हम अपने नगर परिसर, मिल परिसर, घर, शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थाएँ, चिकित्सालय, सड़कें, बाजार, स्मारक, प्रतिमा, बगीचे और अन्य स्थलों को स्वच्छ एवं प्रदूषण रहित बनाकर, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के साथ अपने कार्य को और बेहतर उत्साह तथा रोचकता के साथ करने की पुरजोर कोशिश करें। यह संकल्प आप सभी के सहयोग से ही साकार एवं संभव हो सकता है।

स्वच्छ भारत अभियान के प्रति प्रतिबध्दता के क्रम में हमारा संस्थान नेपानगर के पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर **"स्वच्छ एवं सुदंर पर्यावरण प्रतियोगिता"** आयोजित करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता पाँच भागों में विभक्त है– **1. प्रशासनिक भवन, अस्तपताल, बी एंड आर, ऑडिटोरियम एवं सेनीटेशन 2. समस्त शैक्षणिक संस्थाएँ 3. कारखाना 4. संस्थान के समस्त रिहायशी मकान 5. समस्त संस्थाएँ**। अर्थात् इन प्रत्येक वर्गों में अलग–अलग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्वच्छता का मापदंड संबंधित स्थल की प्रकृति के अनुसार निर्धारित होगा। किन्तु मुख्य तौर पर निम्नलिखित पर ध्यान दिया जायेगा–

1. **कार्यस्थल / निवास स्थल व उसके आस–पास कोई गन्दगी न हो।**
2. **जल का अतिस्त्राव व जल जमाव न हो।**
3. **सामग्री व्यवस्थित ढंग से रखी गई हो।**
4. **कूलर, टायर, ट्यूब में पानी भरा न हो।**
5. **अनावश्यक व गैर–जरूरी वस्तुयें हटा दी जायें व उनका उचित स्थान सुनिश्चित करें। ताकि विक्रय हेतु विचाराधीन की जा सके।**
6. **फाइल, अलमारी, पंखे आदि पर धूल न हो।**
7. **कुर्सी, मेज, दीवारें साफ हों।**
8. **इसके अतिरिक्त अनुपयोगी वाहनों / फर्नीचर / इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल उपकरणों इत्यादि की सूची इनके निपटान (Disposal) के लिये तैयार करें।**
9. **रिकॉर्ड रिटेन्सन शेड्यूल के अनुसार रिकॉर्ड / रिव्यू / फाइलों के निपटान की तैयारी करें।**
10. **समस्त विभाग रिकॉर्ड रूम में फाइलें भेजने के पूर्व इनके डिजीटाइजेशन (Digitization) के लिये फाइलों की सूची तैयार कर लेवें।**
11. **अपने घर के बगीचे को विकसित करते हुए विभिन्न प्रकार के पौधों, फूलों इत्यादि का रखरखाव करें तथा घर के आस–पास विभिन्न प्रकार के वृक्षों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण में अपना योगदान दें।**
12. **उपरोक्त के अतिरिक्त वातावरण की सुन्दरता के अन्य उपाय भी सम्मिलित करें।**

उपर्युक्त मापदंड (स्वच्छता) मात्र संकेत है। स्वच्छता के विभिन्न आयामों, तरीकों, पहलुओं, स्तरों का पालन किया जाना अपेक्षित है। यह प्रतियोगिता परिपत्र मिलने के दिनांक से ही आरम्भ हो जायेगी। प्रतियोगिता के परिणाम इससे संबंधित समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षण के पश्चात किया जायेगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे– **1. प्रशासनिक भवन, अस्पताल, बी एंड आर एवं सेनीटेशन 2. समस्त शैक्षणिक संस्थाएँ 3. कारखाना 4. संस्थान के समस्त रिहायशी मकान 5. समस्त संस्थाओं** को दो–दो यानी प्रथम व द्वितीय पुरस्कार सुनिश्चित हैं।

इन पुरस्कारों का वितरण गणतंत्र दिवस के (26 जनवरी, 2016) के शुभावसर पर संस्थान के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक महोदय के कर कमलों द्वारा किया जायेगा।

यह परिपत्र सक्षम अधिकारी की अनुमति से जारी किया जा रहा है।

(पी. पी. अस्थाना)
उप प्रबंधक (सामान्य प्रशासन)

समस्त विभाग
समस्त सूचना पटल